भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
कर्पूरी ठाकुर सदन, केंद्रीय कार्यालय परिसर,
'C' विंग, 7वीं मंजिल, आशियाना-दीघा रोड, पटना-800025

ईमेल - nssrcpatna@gmail.com
फो.नं. - 0612-2992989

स.पी.2/रा.से.यो. /क्षे. नि./पटना/2026-27/1865 – 1910

दिनांक: 03-06-2026

सेवा में,

कार्यक्रम समन्वयक, रा.से.यो.,
सभी विश्वविद्यालय / संस्थान /+2 विद्यालय परिषद,
झारखण्ड राज्य।

विषय: डीम्ड डेपुटेशन व्यवस्था (Deemed Deputation Framework) के तहत My Bharat-NSS के अंतर्गत राज्य रा.से.यो. पदाधिकारी (SNO) की नियुक्ति हेतु आवेदन के संबंध मे।

सन्दर्भ: युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र F. No. N-14046/3/2022-NSS, दिनांक: 27-05-2026 एवं पत्र F. No. N-14046/3/2022-NSS, दिनांक: 02-06-2026

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भ के आलोक में सूचित करना है कि मंत्रालय ने प्रतिनियुक्ति (Deemed Deputation) ढांचे के माध्यम से विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में राज्य रा.से.यो. पदाधिकारीयों (SNOs) की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पात्र अभ्यर्थी, जो उक्त पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे दिनांक 27-05-2026 से 30 दिनों के भीतर अपना आवेदन सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार, राँची, एफ.एफ.पी भवन, धुर्वा, पिन – 834004 को प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवेदन-पत्रों की समयबद्ध जांच (Scrutiny) को सुगम बनाने के उद्देश्य से, निर्धारित Bio-data तथा सहायक दस्तावेजों सहित आवेदन-पत्रों की एक अग्रिम प्रति मंत्रालय को ई-मेल dir.admin@gov.in पर भी भेजी जा सकती है। लेकिन भेजी गई अग्रिम प्रति राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन द्वारा अग्रेषित मूल आवेदन का विकल्प नहीं मानी जाएगी। केवल वही आवेदन विचारार्थ स्वीकार किए जाएंगे जो संबंधित राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन द्वारा विधिवत अनुशंसित एवं अग्रेषित किए गए हों तथा 01 जुलाई, 2026 अथवा उससे पूर्व इस मंत्रालय को प्राप्त हो जाएं। उक्त नियुक्ति हेतु सम्बंधित दिशा-निर्देश तथा Bio-Data Format पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि आप अपने क्षेत्राधीन सभी रा.से.यो. कार्यक्रम पदाधिकारियों को सूचित कर उचित माध्यम से आवेदन प्रेषित करवाने का कष्ट करे।

भवदीय

कृते (विनय कुमार)
क्षेत्रीय निदेशक

संग्लक: उक्तवत्।

प्रतिलिपि:
1. कुलपति/निदेशक, झारखण्ड राज्य के सभी विश्वविद्यालय/संस्थान/ +2 विद्यालय परिषद-सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार।
3. निदेशक, रा.से.यो. निदेशालय, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली।
4. अवर सचिव (रा.से.यो.), भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, नई दिल्ली-110001